जर्जर भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल करने की कार्रवाई करें

▶ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

रतलाम। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाईन, समयावधि पत्रों, समग्र ई केवायसी एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गये । बैठक में आयुक्त नगर निगम अनिल भाना, एसडीएम आर्ची हरित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में समीक्षा के दौरान सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण एल -1 स्तर पर ही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को

निर्देश दिए गये । सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों मे शिकायत कर्ता से बात करके समाधानकारी जवाब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गये । साथ ही समग्र ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश नगरीय निकाय सी एम ओ एवं जनपद सीईओ को दिए गये । बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों के जर्जर भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल करने की कार्यवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को जर्जर स्कूल भवनों को प्राथमिकता से चिन्हित कर वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व डिस्मेंटल करने की कार्यवाई के लिए निर्देशित किया।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मध्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 12 जून से 18 जून तक सभी जनपद मुख्यालय एवं नगरीय निकायो मे जनकल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे ।

विभागीय अधिकारी निर्देशानुसार जन कल्याण शिविर के आयोजन की तैयारी कर ले। जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) से वंचित पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण सुनिश्चित करना तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है।

सैलाना-भाजपा में दिखी एकजुटता, वर्षों की चर्चाओं पर लगा विराम

▶ पूर्व विधायक संगीता चारेल और जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी एक मंच पर आए

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। यह आयोजन सैलाना विधानसभा की राजनीति में विशेष महत्व का माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय बाद भाजपा की दो वरिष्ठ नेताओं पूर्व विधायक संगीता चारेल और भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष क्रांति जोशी ने एक मंच साझा कर कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश दिया।

विगत कई वर्षों से सैलाना विधानसभा और नगर भाजपा में मतभेदों की चर्चाएं होती रही हैं। ऐसे में दोनों नेताओं का एक साथ मंच पर आना कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का विषय रहा। कार्यक्रम में क्रांति जोशी ने कहा कि भाजपा में राष्ट्र सर्वोपरि है और कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि

आगामी चुनावों में सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे।

पूर्व विधायक संगीता चारेल ने कहा कि वह कभी ऐसा कार्य नहीं करेंगी जिससे पार्टी या उनकी छवि को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी हैं और जनहित के मुद्दों पर वह सदैव कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी रहेंगी। आगामी चुनावों में मिलकर भाजपा का परचम लहराने का संकल्प भी व्यक्त किया।

इस दौरान संगीता चारेल और क्रांति जोशी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पुष्पमाला पहनाकर आपसी मतभेदों की चर्चाओं पर पूर्ण विराम लगाने का संदेश दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज राठौर ने भी स्पष्ट किया कि पार्टी और कार्यकर्ताओं के हित में सभी मिलकर मजबूती से कार्य करेंगे।

बैठक में क्षेत्र के विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों और अधिकारियों के कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में शैतान सिंह पटेल, भूपेंद्र जायसवाल, विशाल धभाई, मुकेश पटेल, किशोर कसेरा, सपना खराड़ी, नाथूलाल राठौर, रवि शर्मा, अंबिका पाटीदार, सौरभ राका, गोपाल जाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर में

4 लोगों पर धमकी देने का मामला दर्ज

रतलाम। बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम ऊनी में एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम ऊनी निवासी अर्जुन पिता विजयसिंह गुर्जर (35) की शिकायत पर चंदरसिंह पिता महाराजसिंह गुर्जर, राजाराम पिता नारायण गुर्जर, विनोद पिता बलवंत गुर्जर तथा राजेश पिता रामचंद्र गुर्जर, सभी निवासी ग्राम ऊनी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 2 जून की सुबह करीब 8 बजे उसके घर के बाहर आरोपियों ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बिलपांक थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक दिनेश राठौर द्वारा की जा रही है।

आईटीआई में सत्र 2026 में प्रवेश हेतु मेले का आयोजन 10 जून को

रतलाम। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रतलाम ने बताया कि मध्यप्रदेश की समस्त शासकीय एवं निजी आईटीआई में सत्र 2026 के लिये प्रवेश की कार्यवाही 26 मई से प्रारंभ हो चुकी है। इसी तारतम्य में आवेदकों को प्रवेश सम्बंधित जानकारी, पंजीयन एवं अन्य मार्गदर्शन के लिए आईटीआई रतलाम में 10 जून को प्रवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आवेदको का रजिस्ट्रेशन ऑन द स्पॉट किया जावेगा। प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी मेले में उपस्थिन होकर प्रवेश सम्बंधित अपनी समस्त शंकाओ का समाधान कर सकते है एवं पंजीयन और चॉइस फीलिंग भी कर सकते है, रजिस्ट्रेशन के समय केवल पोर्टल निर्धारित शुल्क का भुगतान आवेदकों को ऑनलाइन स्वयं को करना होगा, इसके अतिरिक्त कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।आवेदकों को रजिस्ट्रेशन के समय अपने समस्त दस्तावेज जैसे फोटो, आधार, समग्र आईडी, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। जिले में रतलाम, बाजना, सैलाना, आलोट, जावरा एवं पिपलौदा में शासकीय आईटीआई संचालित है, जिसमें कुल सीट 1384 उपलब्ध है। प्रवेश के इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल पर अथवा अपने नजदीकी आईटीआई में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते है। रजिस्ट्रेशन एवं ट्रेड्रों में च्वाईस फिलिंग का कार्य 01 जून से 30 जून तक किया जाएगा।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 9 जून को

रतलाम। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारंभ वर्ष 2016 में किया गया था। कार्यक्रम की सफलता के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून 2026 को जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान, उपचार एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले में मेडिकल कॉलेज रतलाम में डॉ. सोनू बाथम, जिला चिकित्सालय रतलाम में डॉ. सुनीता गामड़ एवं डॉ. सुधा राजावत, दिलीप नगर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. डाली मेहरा, टीआईटी रोड

प्रशिक्षण के सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का उपयोग करें : सीईओ

▶ कलेक्टर सभाकक्ष में जिला अधिकारियों के समक्ष किया गया प्रस्तुतीकरण

रतलाम। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के निर्देशानुसार सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत रतलाम द्वारा संचालित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का प्रस्तुतीकरण जिला परियोजना प्रबंधक जय प्रकाश सिंह चौहान द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों के समक्ष किया गया।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि आजीविका मिशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा विभागीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में जिले की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्रों को सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ जिला स्तरीय प्रशिक्षण गतिविधियों के संचालन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागों के प्रशिक्षण कार्यक्रम उक्त प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित करें, ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके।

प्रशिक्षण केंद्र में 100 प्रशिक्षणार्थियों के लिए सर्वसुविधायुक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण हॉल तथा 40 व्यक्तियों के लिए आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। केंद्र में पुस्तकालय, एलईडी प्रोजेक्टर, माइक सिस्टम, व्हाइट बोर्ड, स्टेशनरी, बायोमेट्रिक डिवाइस, स्वच्छ एवं शुद्ध भोजन व्यवस्था, सर्वसुविधायुक्त रसोईघर, स्वच्छ शौचालय तथा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था उपलब्ध है। यह केंद्र महिलाओं के लिए पूर्णत: सुरक्षित परिसर के रूप में विकसित किया गया है।

आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रति प्रतिभागी प्रतिदिन 534 रुपये शुल्क निर्धारित है, जिसमें आवास, दोनों समय का भोजन, सुबह की चाय, नाश्ता, दिन में दो बार चाय-बिस्किट, प्रशिक्षण के फोटो, प्रमाण-पत्र, पैड, पेन एवं फोल्डर की सुविधा शामिल है। वहीं गैर-आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रति प्रतिभागी प्रतिदिन 294 रुपये शुल्क निर्धारित है, जिसमें सुबह की चाय, नाश्ता, दो बार चाय-बिस्किट, दोपहर का भोजन, पैड, पेन एवं फोल्डर उपलब्ध कराया जाता है। अतिरिक्त आवश्यकताओं की मांग किए जाने पर उपलब्ध सुविधाएं अतिरिक्त शुल्क के साथ प्रदान की जा सकती हैं।

प्रशिक्षण केंद्र की ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। इसके अलावा जिला पंचायत एवं जिला आजीविका मिशन कार्यालय में पत्र भेजकर भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आरक्षण कराया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला परियोजना प्रबंधक जय प्रकाश सिंह चौहान (मो. 8349901501) तथा जिला प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी अभिलाष कुमार सोनी (मो. 8349901323) से संपर्क किया जा सकता है।

किश्त नहीं भरने पर महिला से मारपीट, दो पर केस

रतलाम। बड़ावदा थाना क्षेत्र के ग्राम ललियाना में मोबाइल की किश्त को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट की गई। पुलिस के अनुसार ग्राम ललियाना निवासी कलाबाई पति विक्रम बागरी (50) की शिकायत पर समरथ पिता शंकरलाल बागरी एवं प्रकाश पिता शंकरलाल बागरी, दोनों निवासी ललियाना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि 4 जून की शाम करीब 6 बजे नागबाऊजी मंदिर से आगे हेडपंप के पास मोबाइल की किश्त नहीं भरने की बात को लेकर दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बड़ावदा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य 30 तक पूर्ण करें

▶ प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

रतलाम। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में आयुक्त नगर निगम अनिल भाना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहें कार्यो की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लक्ष्य अनुसार स्वीकृत कार्य 30 जून तक पूर्ण कर पोर्टल पर अपलोड करवायें।

नदी, नालो, कुए ,बावड़ी की सफाई करवाये, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाये, पौधारोपण, तालाब निर्माण कार्य समय सीमा में करवाये। साथ ही शासन द्वारा दिये गये लक्ष्य अनुसार सभी पूर्ण कामो की जानकारी शासन के पोर्टल पर दर्ज करें।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई 'वॉश ऑन व्हील' के माध्यम से करवाने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिये। कृषि विभाग के अधिकारी को बलराम तालाब से संबंधित सभी जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए।

आरोह 2026 समर कैंप का हुआ समापन

रतलाम। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराडिया में भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। ब्लॉक खेल समन्वयक दुर्गा शंकर मोयल ने बताया कि 5 मई से 5 जून तक आयोजित समर कैंप श्खेलो सीखो आगे बढ़ोश् थीम पर आधारित था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तिगत विकास, संस्कृति, मनोरंजन एवं खेल गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल की तकनीकी बारीकियां सीखीं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कराडिया सरपंच पप्पू सिंह राठौर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय के प्राचार्य रामचंद्र पोरवाल, खेल प्रकोष्ठ के अतुल वर्मा, ललित शर्मा, शैलेंद्र गोयल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक दुर्गा शंकर मोयल तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में पीटीआई बद्री लाल बसेर एवं प्रशिक्षक अनीषा निंबोला का विशेष सहयोग रहा। शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा टी-शर्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सम्मान प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सरपंच पप्पू सिंह राठौर,ब्लॉक समन्वयक दुर्गा शंकर मोयल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

17 जून को निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा, तैयारियों को दिया अंतिम रूप

▶ 100 सदस्यीय टीम संभालेगी जिम्मेदारी, समाजजनों को भेजा जा रहा निमंत्रण

नवभारत न्यूज

रतलाम। हिन्दू वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 486वें जन्मोत्सव के अवसर पर 17 जून को शहर में भव्य शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति एवं समस्त राजपूताना संगठनों की बैठक राजपूत धर्मशाला स्थित महाराणा प्रताप सभागृह में आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय की गई।

बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए करीब 100

समिति सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पदाधिकारियों ने बताया कि जिलेभर में पांच हजार से अधिक समाजजनों को सोशल मीडिया, मोबाइल संदेश एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी शौर्य यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शौर्य यात्रा 17 जून को शाम 4 बजे महलवाड़ा परिसर स्थित राजराजेश्वरी मां नागणेचा माता, पद्मावती माता एवं श्री जागनाथ महादेव मंदिर में महाआरती के बाद प्रारंभ होगी। इसके पूर्व महाराजा रतन सिंह एवं महाराजा सज्जन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी।

बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन निखिलेश सिंह पंवार ने किया तथा आभार जया गोयल ने माना। आयोजन समिति ने समाज के सभी लोगों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

सैलाना बस स्टैंड पर चक्काजाम, गिरफ्तारी की मांग

▶ परिजनों ने हादसे को बताया संदिग्ध, निष्पक्ष जांच की मांग

▶ समझाइश के बाद बहाल हुआ यातायात

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद मंगलवार को परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। सैलाना बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन करते हुए मृतक के साथ मौजूद चार युवकों की गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात जावरा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 31 वर्षीय करण की मौत हो गई थी। घटना के बाद से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि यह केवल सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित घटना हो सकती है। इसी आशंका के चलते उन्होंने मृतक के साथ मौजूद चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के कारण सैलाना बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी मांगों को सुना और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। काफी देर तक चली समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन से लगी वाहनों की लम्बी कतारें

प्रदर्शन के कारण सैलाना बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

एक नजर में

7 लाख का माल जब्त, सूचना पर फोरलेन पर बिछाया जाल

100 किलो अवैध डोडाचूरा के साथ कार सवार दो तस्कर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

जावरा। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। रिंगनोद थाना अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी माननखेड़ा की टीम ने घेराबंदी कर एक फॉक्सवैगन कार से 100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने मौके से राजस्थान के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडाचूरा और कार की कुल कीमत करीब 7 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 7 जून की शाम को माननखेड़ा चौकी पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली

कि मंदसौर की तरफ से एक सफेद रंग की फॉक्सवैगन कार में दो व्यक्ति डोडाचूरा के बोरे भरकर माननखेड़ा होते हुए जावरा की तरफ जाने वाले हैं।

सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में रिंगनोद थाना प्रभारी आनंद सिंह आजाद के नेतृत्व में माननखेड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश मालवीय ने पुलिस टीम के साथ फोरलेन रोड पर नाकेबंदी कर दी।

इन्हें किया गिरफ्तार

सुनील मालवीय उम्र 36 वर्ष पिता मोहनलाल मालवीय, निवासी आर्य समाज मंदिर के पास, गोपालगंज, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान),इलियास खान उर्फ गुड्डू 40 वर्ष पिता इसरार खान पठान, निवासी नौगावा, थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)गिरफ्त में है। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उनसे इस अवैध मादक पदार्थ के स्रोत (सोर्स) और डिलीवरी के ठिकाने को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

राजस्थान के दो आरोपी गिरफ्तार

नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध कार के आते ही पुलिस टीम ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए जब कार की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर से भारी मात्रा में डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 100 किलोग्राम निकला। पुलिस ने मौके से कार सवार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस टीम की रही सराहनीय भूमिका

इस सफल और त्वरित कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हर्षवर्धनसिंह जगावत, आरक्षक घनश्याम कुमावत, आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक अनिल डांगी, सैनिक जालमसिंह तथा सैनिक शांतिलाल बामनिया (82) की सराहनीय भूमिका रही।